भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 136

जिसका उत्तर 20.07.2023 को दिया जाना है

तमिलनाडु में परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति

136. श्री एस. रामलिंगम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की स्थिति के अनुसार तमिलनाडु राज्य में अनुमोदित/चालू सड़क परियोजनाओं का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) चेन्नई को नागपट्टिनम से जोड़ने वाली ईस्ट कोस्ट रोड, जो रामेश्वरम और थूथुकुडी होते हुए कन्याकुमारी तक आगे जोड़ती है, पर चल रही परियोजना की विस्तृत स्थिति क्या है;

(ग) सत्तानाथपुरम से वंजुर तक मयिलादुथुरई और कराईकल में 55 किलोमीटर लंबे फोर-वे लेन की स्थिति और ब्यौरा क्या है और इस परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय राजमार्ग 67 के नागपट्टिनम-तंजावुर खंड की स्थिति क्या है और इस परियोजना के पूरा होने की संभावित तारीख क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) आज की तारीख तक, तमिलनाडु राज्य में 2023 किमी की लंबाई को कवर करने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 95 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं, जिनमें से 1925 किमी की लंबाई को कवर करने वाली 83 परियोजनाएं शुरू की गई हैं जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

(ख) चेन्नई को नागपट्टिनम से जोड़ने वाली ईस्ट कोस्ट रोड की कुल लंबाई 749 किमी है, जो आगे रामेश्वरम और थूथुकुडी के माध्यम से कन्याकुमारी तक जुड़ती है। इसमें से 696 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिस पर 182 किमी की लंबाई पर चार लेन बनाने के 4 कार्य शुरू कर दिए गए है, जिसे सितंबर, 2024 तक पूरा करने के लिए अस्थायी रूप से निर्धारित किया गया है।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग-45ए के सत्तनाथपुरम से नागपट्टिनम खंड के 55755 किमी पर 4 लेन का कार्य शुरू कर दिया गया है और जून, 2023 तक वास्तविक प्रगति 22% है। इस परियोजना को अब जनवरी, 2025 तक पूरा होने की संभावना है।

(घ) राष्ट्रीय राजमार्ग-67 के नागपट्टिनम-तंजावुर खंड के पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन तक चौड़ा करने का कार्य शुरू कर दिया गया है और जून 2023 तक वास्तविक प्रगति 64% है। इस परियोजना को अब नवंबर, 2023 तक पूरा होने की संभावना है।

*****